तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025

10 शिक्षक दंपति ने पुत्री के जन्मदिवस पर किया ...



11 भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ





# सड़क और ट्रांसफार्मर के पास होलिका दहन नहीं करें: कलेक्टर

## होली को देखते हुए कलेक्टर ने ली बैठक, विभिन्न धर्म, व समाज के लोगों से लिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

होली त्यौहार के मद्देनजर जिले के कानून व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लिया। कलेक्टर ने इस अवसर पर जिले के विभिन्न धर्म, समाज और पत्रकार से सुझाव लिए। कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों को होली की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अपने घर, मोहल्ले, गांव, शहर में शांतिपूर्वक होली मनाएं। होली के दिन जिले के मदिरा दुकान बंद रहेंगे। मेडिकल टीम अस्पतालों में तैनात रहेंगे। आम नागरिकों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है।किसी भी सरकारी, सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाए। ट्रैफिक नियमों का पालन करें। किसी भी प्रकार की कानून के विरुद्ध कार्य नहीं करें।




### हुड़दंगियों पर रहेगी नजर

कलेक्टर ने कहा कि होली के दौरान हुड़दंगियों पर नजर रखने के लिए पुलिस विभाग को निर्देशित किया। ऐसे में शराब या अन्य नशा में धुत वाहन चालक, तीन सवारी, बिना हेलमेट चालक, बिना सीट बेल्ट चालक और स्पीड वाहनों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। ट्रांसफार्मर, विद्युत लाइन, सड़क, मुख्य रास्ता आदि में होलिका दहन करने वाले पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने जिले के सभी सरकारी, निजी संस्थानों के कैमरों का उपयोग होली के हुड़दंग को रोकने के लिए करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही हुड़दंग होने वाले स्थानों को चिन्हांकित कर उन स्थानों और मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश जिले के अधिकारियों को दिए।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

पत्रकारों के सुझाव के बाद एसपी पुष्कर शर्मा ने कहा कि ऐसे स्थान, जहां पर मार्ग अवरुद्ध या अन्य बदमाशी की जाती है, ऐसे स्थानों में पुलिस की ड्यूटी लगाई जाएगी और पेट्रोलिंग गाड़ी को जिले भर में गश्त कराई जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार सर्वे, डीएफओ पुष्पलता टंडन, एसडीएम सारंगढ़ प्रखर चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, मधु ⏩ शेष पेज 11 पर

**ऑफिस बॉय चाहिए**

महासमुंद स्थित कार्यालय हेतु साधारण शिक्षित,16-22 वर्षीय 'ऑफिस बॉय' चाहिए। निशुल्क भोजन, आवास सुविधा सहित 7000 मासिक। नाम, पता, जन्मतिथि, योग्यता विवरण और फोटो सहित आवेदन वाट्सअप करें :-

फोन :9098604627, व्हाट्सएप : 9826126499

## खबर संक्षेप

### आम बैठक में नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान

**खरोरा।** नगर इकाई खरोरा का आम बैठक सम्पन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पुनीत राम वर्मा के कार्यकारणीयों का सम्मान हुआ और नवनिर्वाचित नगर पंचायत के सामाजिक पार्षदों का सम्मान किया गया। बैठक में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें शादी में ध्वनि विस्तारक यंत्र को बेन किया गया एवम् अंतरजातीय विवाह को समाज के किया अभिशाप बताया और समाज के एक जुट होकर काम करने की अपील की समाज में मुख्य रूप से डॉ ओंकार वर्मा, धनेश वर्मा, अशोक वर्मा महेश वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, तुलसी राम वर्मा, रामकुमार धुरंधर, महिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा और रोहणी वर्मा शामिल थे।

### श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ आज से

**पवनी।** ग्राम बेल्हा में साहू परिवार के सौजन्य से संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 11 मार्च से 18 मार्च तक किया गया है। जिसमें कथा व्यास श्री धाम वृंदावन से सुश्री आकृति तिवारी होंगी। कथा समय दोपहर दो बजे हरिकृपा तक रहेगी।

### 17 तक होंगे अधिकृत वाहनों के भुगतान दस्तावेज जमा करें

**बलौदाबाजार।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत उपयोग में लाई गई वाहनों के देयक भुगतान हेतु आवश्यक दास्तावेज 17 मार्च तक संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 3 में जमा कराना होगा। नोडल अधिकारी वाहन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन के देयक भुगतान हेतु वाहन का लॉग बुक, बैंक खाता, आधार, पैन कार्ड की छायाप्रति जमा कराना होगा।

## समाज : सोमवार को भव्य आदर्श विवाह एवं सम्मान समारोह का आयोजन

# साहू समाज की सामूहिक शादी बनी मिसाल, 16 जोड़ों ने लिए सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

तहसील साहू संघ पलारी, रोहांसी, भवानीपुर, दतान परिक्षेत्र एवं नगर साहू संघ पलारी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को भव्य आदर्श विवाह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भक्त माता कर्मा की छायाचित्र पर माल्यार्पण और पूजा–अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्र से की गई। जिसके बाद साहू भवन में बारातियों का पारंपरिक रीति–रिवाज से स्वागत किया गया। कबीर आश्रम के महंत द्वारा विधि–विधान से 16 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। समाज के पदाधिकारियों और अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील साहू, तहसील साहू संघ पलारी के अध्यक्ष ⏩ शेष पेज 11 पर



### साहू समाज का सामूहिक विवाह एक अनुकरणीय पहल

कसडोल विधायक संदीप साहू ने कहा कि साहू समाज द्वारा 1975 से सामूहिक आदर्श विवाह कराया जा रहा है, जो अब 50 वर्षोंर् से लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा न केवल समाज के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायी है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलती है और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने कहा कि इस ⏩ शेष पेज 11 पर

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी में मामलों में आरोपियों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पुलिस द्वारा जिले में सोशल मीडिया पर बच्चों से संबंधित पोर्नोग्राफी विडियो अपलोड करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। ऑनलाइन साइट अथवा माध्यमों से किसी भी प्रकार से बच्चों से संबंधित पोर्नोग्राफी वीडियो व फोटो अपलोड करना कानूनन अपराध है। इस प्रकार के कृत्य में भारत सरकार गृह मंत्रलय के एनसीआरबी शाखा नई दिल्ली द्वारा प्रेषित सायबर टीपलाईन के अनुसार आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जाती है।




### आरोपी को अदालत में पेश करने की तैयारी

थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार द्वारा धारा 67(I),67 (ठ) आईटी एक्ट के तहत सायबर संदेही का 26 जून 2022 को 3 बजे यूटीसी का लॉगिन आई.पी. एड्रेस दिया गया। उक्त आई.पी. का सेवा प्रदाता कंपनी से जानकारी प्राप्त कर विश्लेषण किया गया, जिसमे लॉगिन आई.पी. का टावर लोकेशन घटना दिनांक व समय में संदेही मोबाईल के धारक का थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में होना बताया गया है। जिस पर थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना में सोशल मीडिया में महिला व बच्चों से संबंधित पोर्न विडियों को अपलोड करने वाले आरोपी के आईपी एड्रेस से आरोपी मोबाईल धारक चंद्रकांत वर्मा उम्र 21 साल वर्ष निवासी ग्राम गैतरा को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# कलेक्टर ने किया हाईस्कूल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने बिलाईगढ़ क्षेत्र में सोमवार को सुबह 9 से 12 के मध्य संचालित हाईस्कूल परीक्षा का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने टुंडरी, बेलटिकरी और भटगांव के परीक्षा केंद्र में आयोजित दसवीं के विज्ञान प्रश्न पत्र के परीक्षार्थियों का मुआयना किया। इस दौरान कलेक्टर ने परीक्षा केंद्र में उपस्थित, ड्यूटी में तैनात शिक्षक, कौन से विषय में किसकी ड्यूटी लगानी है और किसकी ड्यूटी लगाई गई है, इन सभी की जानकारी ली। जिले के 67 परीक्षा केंद्र में हाईस्कूल की परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित किया गया। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू, एसडीएम वर्षा बंसल, तहसीलदार देवराज सिदार उपस्थित थे।






# शिक्षा दीक्षा के साथ ही बच्चों को बनाएं संस्कारवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- सरखोर में मरार पटेल समाज लवनराज का वार्षिक अधिवेशन का आयोजन

हरदिहा मरार पटेल समाज लवन राज के अंतर्गत लाहोद परिक्षेत्र के ग्राम सरखोर में दो दिवसीय 73वॉं वार्षिक अधिवेशन 9 मार्च को संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कसडोल विधायक संदीप साहू उपस्थित थें। विशेष अतिथि के रूप मे गौ सेवा आयोग छ.ग. शासन के अध्यक्ष विशेसर पटेल, समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पटेल, संरक्षक डा. रामचन्द पटेल, रामाधार पटेल, हेमंत पटेल, उपाध्यक्ष विश्राम पटेल, महासचिव शिवकुमार पटेल, श्याम लाल पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, पलारी नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष पिन्टू वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस लवन अध्यक्ष गुरू दयाल यादव, सचिव सतीष पाण्डेय, मृत्युंजय वर्मा, कर्मचारी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रातांध्यक्ष डा. राधेश्याम पटेल, जांजगीर चांपा अध्यक्ष प्रेम सागर पटेल, राजनीतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, गीताराम पटेल, अशोक कुमार पटेल, जागेश्वर पटेल, आदि उपस्थित थें। समारोह की अध्यक्षता लवनराज पटेल समाज ⏩ शेष पेज 11 पर




### समाजिक भवन के लिए 5 लाख रूपया देने की घोषणा

इस अवसर पर विधायक संदीप साहू ने सरखोर में समाजिक भवन के लिए 5 लाख रूपया देने की घोषणा की। इन्होने समाज के प्रमुखों को ईष्ट देवी मॉ शाकम्भरी पूजा स्थल व मंदिर स्थापित करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में समाज के निर्वाचित पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य के अलावा प्रतिभावान छात्र छात्रओं का सम्मान भी किया गया। वहीं आदर्श विवाह दो जोडा का संपन्न कराया गया। जिसे अतिथियों के द्वारा आशीर्वाद देते हुए सम्मान भेंट किया गया। अंत में अतिथियों को साल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

### पटेल समाज के लोग हैं जागरूक

अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए अतिथि संदीप साहू, विशेषर पटेल, सुरेन्द्र पटेल, हितेन्द्र ठाकुर, डा. रामचन्द पटेल ने कहा कि पटेल समाज एक आदर्श एवं जागरूक समाज है। पटेल समाज की ईष्ट देवी मॉ शाकम्भरी का आशीर्वाद पटेल समाज को ही नही बल्कि सभी समाज को मिलता हैं। जिसके कारण शाकाहार सब्जी मिलने के साथ जलवायु एवं पर्यावरण को संरक्षण मिल रहा है। समाज में अनेक प्रतिभाऐं भी है जिनके द्वारा समाज उत्थान के साथ ही धर्म, संस्कृति एवं रचनात्क गतिविधियां भी संचालित हैं। सभी अतिथियों ने समाजिक सम्मेलन में महिलाओं की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में छात्रओं की तरह अब छात्रें को भी आगे आने की आवश्यकता है।

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# पुलिस की गिरफ्त में कोचिया, शराब बरामद

**पवनी।** ग्राम बनाहिल के शिव कुमार साहू अपने दुकान के परछी में हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं देसी प्लेन शराब तथा अंग्रेजी शराब भारी मात्र बिक्री करने हेतु रखा था जिसे बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी शिवकुमार साहू उर्फ दारा पिता कोदाराम साहू उम्र 45 वर्ष ग्राम बनाहिल थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से कुल 49 लीटर महुआ शराब एवं प्लेन शराब तथा अंग्रेजी शराब मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया।



# व्यापम ने पूछा-खाद्य पदार्थों में बेन्जोएट्स का प्रयोग क्यों, किस पेस्टीसाइड्स के अवशेष सर्वाधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। व्यापम द्वारा आयोजित की गई यह इस वर्ष की पहली परीक्षा है। इसके लिए व्यापम को 67 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी संभागीय मुख्यालयों में व्यापम ने इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए थे। इनमें से 42 केंद्र राजधानी रायपुर में बनाए गए। विज्ञापन जारी होने के 17 माह बाद व्यापम द्वारा इसकी परीक्षा आयोजित की गई। वर्ष 2023 अक्टूबर में इसके लिए आवेदन निकाले गए थे। गौरतलब है कि इस वर्ष होने वाली परीक्षाओं के लिए अधिसूचना व्यापम ने पूर्व में ही वार्षिक कैलेंडर के माध्यम से जारी कर दी थी। इसके बाद 23 मार्च को व्यापम द्वारा मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली दूसरी परीक्षा होगी। इसके बाद अप्रैल माह में व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं का सिलसिला प्रारंभ होगा।

- रायपुर के 42 परीक्षा केंद्रों में हुई कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा
- 67 हजार उम्मीदवारों ने दिलाई थी परीक्षा, अक्टूबर 2023 में निकला था विज्ञापन

### उपस्थिति के आंकड़े नहीं

परीक्षा के दिन व्यापम की वेबसाइट पूरे दिन ठप रही। इसके कारण परीक्षा संबंधित किसी भी तरह की सूचना परीक्षार्थियों को प्राप्त नहीं हो सकी। इसके अलावा व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के उपस्थिति के आंकड़े भी साझा नहीं किए गए हैं। पूर्व में व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों की संख्या साझा की जाती थी। केंद्रों से अंतिम सूचना आने के बाद संख्या में कुछ परीक्षार्थियों की घट-बढ़ के चलते उत्पन्न हुए विवाद के बाद व्यापम द्वारा संख्या के स्थान पर परीक्षार्थियों का प्रतिशत साझा किया जाता रहा, लेकिन अब व्यापम द्वारा उपस्थित परीक्षार्थियों के प्रतिशत साझा करने में आनाकानी की जा रही है।




### पूछे गए 100 सवाल

व्यापम की परीक्षा प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुई। परीक्षार्थियों को एक घंटे पूर्व केंद्र पहुंचने निर्देश दिए गए थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। 100 सवाल कैंडिडेट्स से पूछे गए। पद की प्रवृत्ति के आधार पर सभी सवाल विज्ञान आधारित रहे। इसमें खाद्य पदार्थों में बेंजोएट्स का प्रयोग क्यों होता है, पाई-बंध क्या है, विभिन्न गैस में अणुओं की संख्या, किस यौगिक से खाद्य तेलों का निर्माण होता है, किस पेस्टीसाइड्स के अवशेष खाद्य पदार्थ में सर्वाधिक होते हैं, हेरोइन किसका व्युत्पन्न है, मोनोमेट्रिक विधि का प्रयोग किसके मापन में होता है सहित आणविक द्रव्यमान व इलेक्ट्रॉनिक विन्यास जैसे सवाल पूछे गए।

## खबर संक्षेप



### पाइपलाइन बिछाने सड़क पर गड्ढा खोदा बढ़ी परेशानी

**रायपुर।** नगर निगम बिरगांव में अमृत मिशन योजना के तहत लोगों के घर पीने का साफ पानी पहुंचाने सड़क खुदाई की गई, पर पाइपलाइन बिछाने के बाद रेस्टोरेशन सही नहीं होने से लोग परेशान हैं। गड्ढों को सही ढंग से नहीं भरने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। बिरगांव नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखमलाल देवांगन ने महापौर और निगम के अधिकारियों पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखमलाल देवांगन, समाजसेवी सरला-कमल देवांगन ने बताया कि 5 साल से बिरगांव में कछुए की चाल से नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जिन स्थानों पर नगर निगम द्वारा पाइपलाइन से कनेक्शन दिया गया, वहां पर नल कनेक्शन में टोटियां नहीं लगाई हैं, जिससे पानी की बर्बादी हो रही है।

### सिंधु संस्कार का होली मिलन, महिलाओं को किया सम्मानित



**रायपुर।** सिंधु संस्कार सेवा समिति ने महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन नचरानी फार्महाउस पर किया। इस दौरान सभी महिलाओं को समिति के सदस्यों ने टीका लगाकर, दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। संस्था की अध्यक्ष डिंपल शर्मा और भावना चंदानी बताया कि मुख्य अतिथि बिलासपुर महापौर पूजा विधानी रहीं, वहीं महिला सिंधी पार्षद कंचन वाधवानी बिलासपुर, तारा रामानी बिल्हा, पलक सुखवानी तिल्दा, समाजसेवी एवं महिला थाने की काउंसलर सावित्री जगत ने अध्यक्षता की।मंजू सुंदरानी, रिचा ठाकुर, राशि बलवानी, संगीता शर्मा, एडवोकेट आशा दुबे, पुष्पा वल्र्याणी, किरण ठाकुर, जूही दरयानी, दीपिका जेठानी, सीमा नचरानी, पुरुष वर्ग में विशेष अतिथियों में पूर्व पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा, भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष लद्दाराम नेनवानी, देवानंद शर्मा, विजय मथानी, विजय इसरानी ने अतिथियों का स्वागत किया।

### विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ का आंदोलन स्थगित

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ का आंदोलन प्रबंधन से मिले आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया है। संघ के प्रांतीय महासचिव जीके मंडावी ने बताया कि 20 मार्च को चेयरमैन पॉवर कंपनी ने द्विपक्षीय वार्ता करने पर सहमति व अन्य मांगों को प्रबंधन द्वारा तत्काल निराकृत करने का आश्वासन दिया है। साथ ही गर्मी के समय में आम नागरिकों को विद्युत सेवा बाधित होने से होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए जारी क्रमबद्ध आंदोलन को एक निश्चित समय के लिए स्थगित किया गया है। इसके बाद भी कंपनी प्रबंधन द्वारा संघ की मांगों को यदि दरकिनार किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल, धरना प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।

## पुराने मोटरपंप से फिल्टर प्लांट का पानी ऊपर चढ़ाने में आ रही दिक्कत

# 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति, पुराना पंप बदलकर लगाएंगे 100 एचपी का मोटरपंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत मोतीबाग पानी टंकी क्षेत्र के पुराने मोटरपंप को बदला जाएगा। इसकी जगह 100 एचपी क्षमता के नया मोटरपंप लगाने की तैयारी है। 75 एचपी के पुराने मोटरपंप से फिल्टर प्लांट का पानी ऊपर चढ़ाने में दिक्कत आ रही है, इसलिए मोटरपंप बदला जाएगा। मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया से संबंधित वार्डों में अभी केवल वनटाइम एक घंटे अतिरिक्त पानी लोगों को दिया जा रहा है। जबकि गंज पानी टंकी के कमांड क्षेत्र में पाइपलाइन टेस्टिंग के बाद सुबह-शाम एक-एक घंटे अतिरिक्त पानी आपूर्ति की व्यवस्था दी जा रही है।

राजधानी के मोतीबाग क्षेत्र स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी पानी टंकी से मोतीबाग, बैजनाथपारा, सिविल लाइन, ब्राह्मणपारा, पुरानी बस्ती, सदर बाजार, गोलबाजार, मठपारा तात्यापारा और हांडीपारा इलाके में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत नई पाइपलाइन बिछाने के बाद पाइपलाइन टेस्टिंग का काम पूरा हो गया है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा संबंधित इलाके में वर्तमान में केवल एक समय एक घंटे अतिरिक्त पानी आपूर्ति की जा रही है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, नया मोटरपंप लगाने के बाद संबंधित इलाके में पानी का प्रेशर बढ़ाने में आसानी होगी।

## नई पाइपलाइन से ट्रायल के बाद वन टाइम वाटर सप्लाई, होली के बाद सुधरेगी स्थिति

### 11 एमएलडी से बढ़कर 16 एमएलडी होगी जल आपूर्ति

मोतीबाग पानी टंकी वाले इलाके के लिए नगर निगम के फिल्टर प्लांट से वर्तमान में 11 एमएलडी पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है। गर्मी सीजन के बाद 24 घंटे जलप्रदाय योजना पूरी तरह से शुरू होने पर 5 एमएलडी अतिरिक्त पानी की जरूरत पड़ेगी, यानी मोतीबाग पानी टंकी को 16 एमएलडी पेयजल मिलने लगेगा।




### गंज पानी टंकी कमांड एरिया में दोनों समय जल आपूर्ति

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में शुरू किए गए पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत गंज पानी टंकी कमांड एरिया वाले वार्डों में नई पाइपलाइन की टेस्टिंग के साथ ही सुबह शाम 1-1 घंटे अतिरिक्त जल आपूर्ति शुरू की गई है। सूत्रों के मुताबिक, राजधानी के मौदहापारा, शिवनगर, रामसागरपारा, समता कालोनी क्षेत्र में यह व्यवस्था दी जा रही है।

# शिक्षक दंपति ने पुत्री के जन्मदिवस पर किया न्योता भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

- न्योता भोज पाकर सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी

शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट संकुल धमनी में पदस्थ शिक्षक दंपति सुनीता कान्हा साहू द्वारा अपने पुत्री अनन्या के जन्मदिन के अवसर पर शाला में न्योता भोज कराया।

न्योता भोज में शाला के बच्चों एवं शिक्षकों और अतिथियों को पूड़ी,बड़ा ,सेवई ,पापड़,मटर पनीर की सब्जी ,चावल, दाल परोसा गया। बच्चों को उपहार स्वरूप पेन पेंसिल और चाकलेट साहू दंपति द्वारा दिया गया।न्योता भोज पाकर सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी आ गया । सभी ने जन्मदिन पर अनन्या साहू के लिए बधाई संदेश दिया। बच्चों ने न्योता भोज के लिए आभार जताया। न्योता भोज में शाला के शिक्षक मनीराम पैकरा ,संध्या पैकरा ,संकुल धमनी समन्वयक दिलीप सिंह पैकरा तथा ग्राम पंचायत कानाकोट सरपंच चांदनी बांधे ,पंच मानकी बांधे, सरपंच प्रतिनिधि लल्लन बांधे, शाला विकास समिति सदस्य सेवानिवृत प्रधान पाठक अंगदराम धुरव, दिव्या मीना, गूंजा बांधे ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मध्याह्न भोजन रसोइया भगवती बांधे शामिल हुए ।

# होली में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता, पुलिस की सवा सौ से ज्यादा टीमें करेंगी गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली पर्व के आते ही पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। साथ ही बीएसयूपी कॉलोनियों में दबिश देकर पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। इसी कड़ी में रविवार तड़के टिकरापारा थाना क्षेत्र के बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कॉलोनी में दबिश देकर 20 संदिग्ध, तीन आदतन बदमाशों सहित 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। छापे की कार्रवाई करने सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी तथा अफसर आरडीए कॉलोनी पहुंचे थे। छापे की कार्रवाई तड़के 5 बजे शुरू की गई।

एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से बोरियाखुर्द में बाहरी संदिग्ध लोगों के आने की सूचना मिल रही थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संदिग्धों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने आरडीए कॉलोनी में दबिश दी गई। पुलिस ने कॉलोनी में रह रहे लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने के निर्देश दिए। साथ ही जो संदिग्ध मिले हैं, उनके आपराधिक रिकार्ड की जानकारी जुटाने पुलिस ने एसएस रोल बनाकर संबंधित राज्यों के पुलिस की पास भेजे हैं।

### विवाद पर तुरंत थाने में दें सूचना

शुक्रवार को होली खेली जाएगी, उस दिन पवित्र रमजान महीने की जुमे की नमाज पढ़ी जाएगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए मस्जिदों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही नमाज पढ़ने के दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी अलग से गश्त करने निकलेगी। लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने पुलिस ने अपील करने के साथ ही क्षेत्र में किसी भी तरह की विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी जानकारी लोगों को अपने नजदीकी थाने में देने कहा है।

### होली के दिन क्रिकेट मैच बड़ी चुनौती

होली के दिन रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होना है। ऐसे में पुलिस को क्रिकेट मैच के लिए सुरक्षा इंतजाम करना एक बड़ी चुनौती होगा। क्रिकेट मैच के लिए लाइन के अलावा पड़ोसी जिलों से बल की व्यवस्था करने की बात पुलिस अफसर कह रहे हैं।



### होली में हर थानों में चार-चार पेट्रोलिंग

होली की हुड़दंग रोकने जिले के सभी 33 थानों में चार-चार की संख्या में पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें गश्त करेंगी। इसके अलावा डिवीजन स्तर पर राजपत्रित पुलिस अफसरों की अलग से पेट्रोलिंग टीम निकलेगी। इस तरह से जिले में पुलिस की सवा सौ से ज्यादा पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी दौड़ेंगी।

### ड्रंक एंड ड्राइव पर सख्ती बरतने के निर्देश

नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ एसएसपी ने पुलिस को होली के दो दिन पूर्व से कार्रवाई तेज करने निर्देश दिए हैं। साथ ही नशेड़ी वाहन चालकों के वाहन जब्त कर थाने में खड़े करने के साथ ही होली के बाद कोर्ट में चालान पेश करने निर्देश दिए हैं। साथ ही नशे की हालत में वाहन चलाने वालों को हिरासत में लेने के एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

# पीएम मोदी की सभा 30 को बिल्हा के मोहभट्ठा में, तैयारी में जुटे मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर के बिल्हा क्षेत्र में स्थिति मोहभट्ठा में एक विशाल आमसभा को संबोधित करने वाले हैं। कार्यक्रम के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। खास बात ये है कि तैयारियों में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी जुटे हैं। कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की साथ ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मार्च को बिलासपुर में कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बिल्हा के ग्राम मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री की विशाल आमसभा होगी। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस के आला अफसर भी इस दौरान मौजूद थे।

### पीएम का आना सौभाग्य की बात

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मैदान के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग व्यवस्थाओं के लिए चिन्हांकित स्थलों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारों करोड़ की सौगात लेकर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। आसपास रहने वाले लोगों को भी किसी तरह की परेशानी न हो।

### होगी तगड़ी व्यवस्था

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री साहू और उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मैदान के हर कोने का भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपेड, मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रदर्शनी स्थल, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए। डीएफओ सत्यदेव शर्मा, बिलासपुर नगर निगम के आयुक्त एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमित कुमार तथा जिला पंचायत के सीईओ एवं सहायक नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल सहित आमसभा की तैयारी से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी भी इस दौरान मौजूद थे।

**सीएम ने किया महतारी वंदन कॉमिक्स का विमोचन: रायपुर।** महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित महतारी वंदन योजना पर सीएम विष्णुदेव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समारोह में 'महतारी वंदन कॉमिक्स' का विमोचन किया।

### प्रेस क्लब में महिला पत्रकार कक्ष निर्माण का भूमिपूजन



**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब में विधायक निधि से महिला पत्रकार कक्ष निर्माण के लिए रविवार को भूमिपूजन किया गया। प्रेस क्लब में पहली बार महिला पत्रकार साथियों के लिए अलग से कक्ष का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ही उन्हें सुव्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त कक्ष मिल जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा रहे। इस अवसर पर नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर समेत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिला पत्रकार साथी मौजूद रहीं।

## अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट, सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ रही 37 सौ मेगावाट बिजली

# मार्च में पहली बार बिजली की खपत 6200 मेगावाट से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गर्मी ने अभी अपने तेवर पूरे नहीं दिखाए हैं, लेकिन बिजली में डिमांड की गर्मी अभी से दिखने लगी है। मार्च में बिजली की खपत पहली बार 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। बीते माह फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट तक गई थी। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। खपत की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से 37 सौ मेगावाट बिजली लेनी पड़ रही है। इस बार गर्मी में खपत के 65 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना है। इसको देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने व्यवस्था कर रखी है।

गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए, कहा नहीं जा सकता है। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। इसके बाद पहले फरवरी और अब मार्च में पारा और चढ़ने लगा है। पारा चढ़ने के कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेशभर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। इसी के साथ कृषि पंप भी चलने के कारण खपत का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

### बिजली की कमी नहीं

फरवरी-मार्च में पहली बार इतनी खपत बढ़ी है, लेकिन बिजली की कमी नहीं है। पूर्ति करने के लिए पूरा इंतजाम किया गया है। गर्मी को देखते हुए भी कंपनी पूरी तैयारी में है। कहीं कोई कमी नहीं होगी।

- **एसके कटियार,** एमडी, पॉवर उत्पादन कंपनी

### सेंट्रल सेक्टर का सहारा

पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन कभी भी उत्पादन सौ फीसदी नहीं होता है। सभी संयंत्रों के चलने पर अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट तक होता है। इस समय सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। ऐसे में खपत की पूर्ति करने लिए सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ रही है। सेंट्रल सेक्टर से पॉवर कंपनी का शेयर 35 सौ मेगावाट है, इससे ज्यादा बिजली लेने पर पैसे भी ज्यादा देने पड़ते हैं।

### मार्च में पहली बार इतनी खपत

फरवरी और मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी नहीं रहती है। कृषि पंपों के कारण फरवरी में खपत पांच हजार मेगावाट के पार जरूर हो जाती है, लेकिन इस बार फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट गई है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक पहली बार फरवरी में इतनी ज्यादा खपत देखने को मिली। इसके बाद अब मार्च में खपत का ग्राफ और बढ़ गया है। इस समय खपत 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। मार्च में ही और नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है।

# मजदूरों व किसानों को शील्ड एवं गमछा भेंट कर किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- बहुजन आन्दोलन पार्टी ने किया मजदूर सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

बहुजन आन्दोलन पार्टी के द्वारा मजदूर सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह रविवार को सम्पन हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि बहुजन आन्दोलन पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक मुरारी लाल गौतम, राष्ट्रीय केंद्रीय प्रभारी लेखराज सैनी, राष्ट्रीय प्रवक्ता अली अकबर, प्रदेश प्रभारी महामंत्री दिलीप पाठक, एवं कार्यक्रम कीअध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष पप्पू अली ने किया। अतिथियों ने उपस्थित मजदूरों, किसानों को शिल्ड एवं गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। कांग्रेस में सैकड़ो महिला एवं मजदूरों तथा सिमगा हॉस्टल के लड़को को भी सिल्ड भेट कर सम्मान किया गया।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर प्रदेश प्रभारी महामंत्री दिलीप पाठक, बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष नूतन घिदोड़े,रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष विजय गुप्ता, बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष नूतन गिधौड़े, महेश रजक, करण भाटिया, इकराम बेग, लाला भारती,मोहन कोसले,रमन ठाकुर, विजय कोसले, राजा गिधौड़े, रंजन दास, संतोष साहू, नीलकंठ गिधौड़े,राजा राम पाटकर,धनेश यादव,बंटी यादव, एवं सैकड़ो की संख्या मे मजदूर किसान एवं बहुजन आन्दोलन पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## उज्जवल कृषक उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित सिमगा के मतदाता सूची का प्रकाशन

**सिमगा।** उज्जवल कृषक उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित सिमगा के मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन संस्था के राजिस्ट्रीकरण अधिकारी पुनेश्वर धुरव द्वारा किया गया। छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी नियम 1962 का 5 मार्च को प्रकाशन किया गया जो संस्था के कार्यालय ग्राम–कोलिहा के सुचना पटल वि. खंड सिमगा दिया गया है। पुनेश्वर ध्रुव रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उज्जवल कृषक उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित सिमगा, द्वारा छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी नियन 1962 में नियम 49–ग के उपनियम (3) के अधीन सोसाइटी की मतदाता सूची के संबंध में यदि किसी भी सदस्य की कोई दावा या आपत्ति हो, तो वह प्रमाण के सूची प्रकाशित होने के 5 से 12 मार्च तक लिखित में आपत्ति निखिल वैष्णव मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्यालयीन समय में समिति के कार्यालय कोलिहा में प्रस्तुत कर सकते हैं। सूची पर प्रस्तुत दावो और आपत्तियों का निराकरण सोसायटी कार्यालय कोलिहा में 12 मार्च समय 12 बजे पर किया जावेगा तथा इस प्रकार उपन्तरित सूची को अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

## महुआ बीन रहे व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** महुआ बीनने की बात को लेकर मारपीट की घटना में कोमाखान थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि देवप्रसाद पांडे पिता सुखचंद पांडे ग्राम पंडरीपानी महुआ बीनने के लिए गया हुआ था, इसी दौरान धनसिंग पांडे पिता सीताराम पांडे पेड़ के पास जाकर गाली गलौज कर महुआ बीनने से मना करने लगा। उसकी बात नहीं मानने पर आरोपी ने सिर पर टंगिया से वार कर दिया, जिससे प्रार्थी देवप्रसाद पांडे गिर गया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## चुनाव में वोट नहीं देने की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** चुनाव में वोट नहीं देने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी गई। पुलिस को भोथा निवासी बुधवारू साहू ने बताया कि 8 मार्च को ग्राम पंचायत भोथा में उप सरपंच का चुनाव संपन्न के बाद वह और टेकसिंग ठाकुर अपने मोटर सायकल से गांव से गुलझर की ओर जा रहे थे। शाम 4 बजे के बीच ग्राम भोथा से गुलझर के बीच पहुंचने पर ग्राम टेंगराही का मोहन पिता ललित साहू ने उपसरपंच चुनाव संबंधी बातों को लेकर धनेश्वर साहू को वोट नहीं दिए हो कहकर गाली गलौज करते हुए अपने जेब में रखे किसी धारदार वस्तु से वार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## जमीन विवाद को लेकर मारपीट

महासमुंद। जमीन विवाद को लेकर दो लोगों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर दी। तुमगांव पुलिस ने बताया कि खैरझिटी का चेतन ध्रुव 8 मार्च को दैहान के पास चौरा में बैठा था। उसी समय शाम करीबन 7.30 बजे गांव के पवन ध्रुव, गज्जू साहू आये और पुराने जमीन विवाद की बात को लेकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ थप्पड़ एवं डंडे से मारपीट किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खाते से पैसा निकालने की बात पर मारपीट

महासमुंद। खाते से पैसा निकालने की बात पर ग्राम संतपाली में एक परिवार के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस को सुलोचना निषाद निवासी संतपाली ने बताया कि 9 मार्च को रात्रि करीबन 9 बजे वह अपने घर में थी उसी समय मेंरे घर के सामने गली में मेंरे देवर सुरेश निषाद ने आकर शामिलात खाते से 30000 रुपए क्यों निकाल लिए हो कहकर गाली गलौज करने लगा। इसके बाद वह और उसका बेटा बसंत कुमार निषाद घर के बाहर आये तो आरोपी मुक्का एवं चप्पल से मारपीट करने लगा।

### आयोजन : यह हम लोगों का सम्मान समारोह नहीं, अपितु आशीर्वाद समारोह है: अश्वनी शर्मा

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों, संघ के पदाधिकारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा द्वारा सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों, संघ के पदाधिकारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संघ के पदाधिकारी द्वारा नवनिर्वाचित नगर पालिका परिषद भाटापारा के युवा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा,जनपद पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सविता अनंत,पार्षद शंकर वार्ड नंदकिशोर वैष्णव,छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव के साथ नगर के प्रतिष्ठित व्यासायी एवं समाजसेवी संदीप गोयल का श्रीफल, शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इसी के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में नारी शक्ति को नमन करते हुए अतिथियों के कर कमलों से पुष्प माला एवं साड़ी भेंट कर महिला शक्तियों में सैनिक परिवार से श्रीमती रोहिणी मंडावी, स्वास्थ्य विभाग से श्रीमती सरोज बघमार, आदिम जाति कल्याण विभाग से श्रीमती राजकुमारी मीरी, मितानिनों में से श्रीमती उतरा वर्मा एवं श्रीमती निर्मला वर्मा देवरी का सम्मान किया गया। अतिथियों सर्वश्री अश्वनी शर्मा, सविता अनंत ,नंदकिशोर वैष्णव, प्रकाश जाधव ,वरिष्ठ पेंशनर आर एस शर्मा एवं संरक्षक राधाचरण शुक्ला के द्वारा भवन में स्थापित बजरंगबली एवं मां शारदे की तस्वीरों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर पूजन किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 51 महिला टीम का सम्मान



**बलौदाबाजार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सम्मान पुरस्कार छ. ग. रायपुर व लवण्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया जिसमे छ. ग. के विभिन्न क्षेत्रें से आये 51 महिला टीम को उनके निःशुल्क सेवाभाव एवं कर्तव्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवशक्ति महिला स्वच्छता समिति मोहतरा ग्राम पंचायत मल्लिन को स्वच्छता के लिए राज्य स्तरीय बेस्ट सम्मान पुरस्कार बेबिलान होटल रायपुर परिसर मे रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, धरसिवा विधायक अनुज शर्मा, रायपुर मेयर श्रीमती मीनल चौबे, लवण्या फाउंडेशन के डायरेक्टर संदीप शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती मालती चंदेल, उपाध्यक्ष श्रीमती देवंतीन बंजारे, सचिव श्रीमती कुसुम्मा कुर्रे, पूर्व सरपंच भगवती प्रसाद साहू, पदमनी बंजारे,मुन्नी बाई जलहरे एवं लहाराम कुर्रे उपस्थित थे।

### नगर को स्वच्छ, हरा-भरा एवं समस्या रहित बनाएंगे

मुख्य अतिथि की आसंदी से नगर के प्रथम नागरिक अश्वनी शर्मा ने कहा कि यह हम लोगों का सम्मान समारोह नहीं, अपितु आशीर्वाद समारोह है। आप बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही मुझे प्रचंड मतों से अध्यक्ष के रूप में नगर की और आप सब की सेवा करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। आप सभी जिसमें श्री आर.पी. पटेल एवं एम. के. कुलदीप जैसे मेरे गुरुदेव भी हैं मेरा मार्गदर्शन करते रहेंगे। नगर हित में आप सबका सुझाव सादर आमंत्रित है। आप मुझे कहीं भी, कभी भी, किसी भी काम के लिए मिल सकते हैं। हम सब मिलकर नगर को स्वच्छ, हरा-भरा एवं समस्या रहित बनाएंगे। अध्यक्ष श्री आर.पी. पटेल सर ने भवन विस्तार के लिए जो मांग रखा है मैं आश्वस्त करता हूं उसे मैं निश्चित रूप से पूरा करूंगा। आप सब जनों ने मुझे जो सम्मान, आशीर्वाद स्वरूप दिया है उसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने एवं आभार प्रदर्शन डॉक्टर आर के वर्मा ने किया।

### पेंशन भवन के विस्तार के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग


संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने स्वागत भाषण के माध्यम से संघ की नियमित संचालित होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा को मांग पत्र सोपा जिसमें पेंशन भवन के विस्तार के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत करने की मांग की गई। अपने उद्बोधन में शंकर वार्ड के पार्षद नंदकिशोर वैष्णव ने बुजुर्ग पेंशनरों के द्वारा किए जाने वाले सम्मान को अपने लिए महत्वपूर्ण आशीर्वाद माना, जिसे निरंतर बनाए रखे जाने का आग्रह किया। जनपद अध्यक्ष श्रीमती सविता अनंत एवं जिलाध्यक्ष प्रकाश जाधव ने भी संबोधित किया।

### ये रहे उपस्थितः

इस अवसर पर बलौदा बाजार से पधारे सर्व श्री हलधर प्रसाद वर्मा, जामवंत वर्मा, घनश्याम पटेल के साथ आसाराम अनंत, के. एन. यद्ु, अशोक पंत,दिलीप सिंह बिसेन, रमेश कुमार वर्मा, पारेटन लाल साहू, ढालसिंह ठाकुर,उमराव सिंह, संतराम साव, कृष्ण कुमार वर्मा, कल्याण सिंह ठाकुर,शिवकुमार वर्मा, सुश्री सुशीला वर्मा, मंटोरा यद्ु,जानकी वर्मा, कौशल्या निषाद, विष्णु प्रसाद साहू, गजानंद सेलोटे,संतोष शर्मा, नारायण साहू एवं नयापारा वार्ड के पार्षद सतीश साहू सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी और स्कूली बच्चों के लिए अपार आईडी बनाना है फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पवनी



■ शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कलेक्टर ने किया निर्देशित

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र की कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने समीक्षा बैठक स्कूल शिक्षा, राजस्व विभाग के अधिकारी, नोडल अधिकारी के साथ की। अपार आईडी बनाने के लिए कलेक्टर ने कहा कि ऐसे स्कूली बच्चे, जिनका अपार आईडी नहीं बना है, पर उनके बड़े भाई बहन का बना है तो उसका डेटा रखें। स्कूल के यूडाइस और संकूल के आधार पर डेटा रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र में दाखिल बच्चों के अपार आईडी बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर को निर्देश दिए हैं। वार्षिक परीक्षा के साथ साथ अपार आईडी कार्य को भी प्राथमिकता से किया जाए। ऐसे शिक्षक यदि इस कार्य को नहीं करेंगे तो उनके विरुद्ध वेतन कटौती और वेतन वृद्धि रोकथाम की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने छूटे बच्चों की सूची अधिकारियों से एक सप्ताह में देने के लिए निर्देशित किया ताकि उस क्षेत्र में शिविर कर अपार आईडी कार्य को पूर्ण किया जाए। इसी प्रकार निजी स्कूलों को भी उनके दाखिल बच्चों का अपार आईडी बनाने के लिए, निजी स्कूल संचालक से समन्वय करने के शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कलेक्टर ने निर्देशित किया। इसी प्रकार स्कूली बच्चों के आय और जाति प्रमाण पत्र की स्थिति की समीक्षा की गई और प्रमाण पत्र कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। अपार आईडी ऑटोमेटेड परमानेंट अकाउंट रजिस्ट्री एक 12 अंकों का डिजिटल पहचान नंबर है। यह छात्रें के शैक्षिक रिकॉर्ड को एक जगह संग्रहित करता है। इसे भारत सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू किया है।

### अपार आईडी के लाभ

यह छात्रें की शैक्षिक यात्र को एक डिजिटल मंच पर सुरक्षित रखता है। यह छात्रें के शैक्षिक दस्तावेजों और उपलब्धियों का एक केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म देता है। यह छात्रें को स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक, और बाद में रोजगार पाने तक उनके सभी रिकॉर्ड को एक ही जगह संग्रहित करने में मदद करता है। यह छात्रें को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करता है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



**खरोरा।** नगर पंचायत खरोरा में स्व.माखनलाल शर्मा एवं स्व. श्रीमती रामकुमारी शर्मा की पुण्यतिथि पर श्रीमद् भागवत महापुराण कथा शुभारंभ रविवार को किया गया। भागवत कथा ब्यास ग्राम बनभिमौरी निवासी सुप्रसिद्ध भागवत कथा वाचक पंडित विक्रमादित्य दुबे है । यह भव्य कलश यात्र के साथ भागवत कथा शुभारंभ हुए । कलशयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। खरोरा नगर पंचायत के विभिन्न चौक चौराहा से होते हुए यह कलश यात्रा कथा स्थल पर समाप्त हुई।

## पेज 9 के शेष

### सड़क और ...

गबेल, तहसीलदार मनीष सूर्यवंशी, सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला, सीएमओ राजेश पांडेय, विद्युत विभाग के एई विद्यासागर ठाकुर, जेई एमएल नायक सहित राजस्व और पुलिस के अन्य अधिकारीगण, हिंदू, सिख और मुस्लिम वर्ग के प्रतिनिधि, पत्रकारगण उपस्थित थे।

### साहू समाज का...

रोहित साहू, रोहांसी परिक्षेत्र अध्यक्ष सीताराम साहू, भवानीपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष मनहरण साहू, दतान परिक्षेत्र अध्यक्ष गनपत साहू, नगर साहू संघ अध्यक्ष गोपी साहू,महेंद्र मोनू साहू, पवन साहू, धन्नू साहू अरुण साहू, राजेंद्र साहू, कुंदन साहू, हेमंत साहू, हेमकुमार साहू, पनमेश्वर साहू, यमलोक साहू, सरोज साहू, जमावंत साहू, चुडामनी साहू, वीरेंद्र साहू, संतराम साहू,पूरन साहू, कौशलेश साहू, शारदा साहू, डोमन लाल साहू,सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### साहू समाज का...

पहल से उन गरीब परिवारों को सहारा मिला है, जिनके लिए बेटियों की शादी एक बड़ी चुनौती थी। अब शासन भी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से इस तरह की परंपराओं को समर्थन दे रहा है।

### शिक्षा दीक्षा के...

के अध्यक्ष डा. भागचंद पटेल ने किया। चूंकि वर्तमान समय में बेटो से कही अधिक बेटियां उच्च शिक्षा पर अग्रसर है। वहीं समाज को अन्य शिक्षा दीक्षा के साथ ही बच्चों को संस्कारवान बनाने की भी आवश्यकता है ताकि समाज एक अग्रणी समाज के रूप में जाना जावे।

कार्यक्रम का संचालन हेमंत पटेल एवं आभार प्रदर्शन डा. भागचंद पटेल ने किया। इस अवसर पर लाहोद परिक्षेत्र के तीजराम पटेल, उपाध्यक्ष महावीर पटेल, सचिव भरत पटेल, श्याम पटेल, कोषाध्यक्ष कुंजबिहार पटेल, संरक्षक रामनारायण पटेल सहित अमेरा परिक्षेत्र, गिन्दोला परिक्षेत्र, कोनारी परिक्षेत्र के पदाधिकारी व सदस्यगणों के अलावा महिला समूह की पदाधिकारी व सदस्य काफी संख्या में शामिल थे।

# सरपंच व पंचों ने ली गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा



ग्राम पंचायत मुड़पार के नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों ने धरसीवां विधायक अनूज शर्मा जी की उपस्थिति में पद व गोपनीयता की शपथ ली। नवनिर्वाचित पंचायत पदाधिकारियों को विधायक ने शपथ ग्रहण उपरांत शुभकामनाएं देते हुए, ग्राम विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। शपथ ग्रहण समारोह में विधायक अनूज शर्मा, अनील सोनी नगर पंचायत अध्यक्ष खरोरा, दुलारी सुरेंद्र वर्मा जनपद उपाध्यक्ष तिल्दा, सोना वर्मा, चंद्रकांत साहू, पंचराम यादव , सरिता वर्मा सचिव, टिकेश्वर यादव रोजगार सहायक, यामिनी टिकेश्वर यादव नवनिर्वाचित सरपंच मुड़पार, पूर्व सरपंच राजिम दिलीप पोर्ते की गरिमामयी उपस्थिति में पीडीएस भवन लोकार्पण, सीसी रोड व छत्तीसगढ़ महतारी शेड निर्माण कार्यो् का भूमिपूजन किया गया, इस अवसर पर मंच पर ही विधायक ने मशरुम फैक्ट्री के गंदगी से गांव और मंच पर व्याप्त दुर्गंध पर बेबाकी से मुद्दा उठाते हुए इस निकलने वाले बदबू को बंद कराने की बात कही, नारी शक्ति को विश्व महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शराबबंदी में सहयोग करने की बात कही। शपथग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच यामिनी टिकेश्वर यादव, उपसरपंच नीलेश वर्मा, दंतेश्वरी धीवर, लोचन अरविंद वर्मा, अजय वर्मा, सुनीता टंडन, खेलावन यदु, संतराम यादव, मोना पिंटू वर्मा, दुर्गा देवांगन, अनिल कुर्रे, रुखमणी वर्मा, नीलेश वर्मा ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर कार्यक्रम में कमलेश यदु, प्रमोद कुर्मी, अरविंद वर्मा, कन्हैया यदु, ईश्वर मानिकपुरी, बिसहत निर्मलकर, रोशन वर्मा, मोहित यदु व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों एवं नगरवासियों की बैठक होली में हुड़दंगियों पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

■ बैठक में थाना क्षेत्र के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में हुए उपस्थित

एसडीएम कार्यालय सिमगा में होली त्यौहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम अंशुल वर्मा, एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू, तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में थाना क्षेत्र के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीएम वर्मा ने कहा होली का त्यौहार उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाये। किसी के उपर जबरदस्ती रंग न लगाएं। मुखौटे नकली बाल केमिकल युक्त नमक रंग के बजाय हर्बल गुलाल व रंग का उपयोग करें। त्यौहार के दौरान अशांति फैलाने वालों, हुड़दंगियों, मोटरसाइकिल में तीन सवारी करने वालों पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि बिजली तार के नीचे होली न जलाएं। थाना क्षेत्र में पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करेगी व हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखेगी। अंत में होली का त्यौहार शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए जनप्रतिनिधियों को रंगों के पर्व की बधाई दी गयी। वहीं शाम को नगरवासियों की बैठक थाना परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें नगर के जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य लोग एवं पत्रकार मौजूद थे।

### कसडोल के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान हुए शामिल

# जिला स्तरीय जैविक एवं परम्परागत कृषि मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी



छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग की महत्वपूर्ण योजना जैविक एवं परमपरागत खेती मिशन के तहत जिला स्तरीय किसान मेला ग्राम गिरौदपुरी विकास खंड कसडोल में 9 फरवरी को एक दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमें सभी विकास खंडों के किसान भारी संख्या में शामिल हुये। कार्यक्रम की सुरूवात ग्राम गिरोदपुरी के नव निर्वाचित सरपंच राजाराम पटेल, महामंत्री किसान मोर्चा के डा मोहनदास मानिकपुरी द्वारा उप संचालक कषि दिपक कुमार नायक, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जइंद्र कंवर की उपस्थित में ईष्ट देवों की पूजन के साथ किया गया।सभी शामिल अतिथियो का फूल माला से स्वागत किया गया । जैविक किसान मेला में कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापार से पहुंचे वरिष्ठ वैज्ञानिक डा अंगदसिंह राजपूत ने किसानों को जैविक खेती एवं किसानों की अपनी परम्परागत विधि को वैज्ञानिक तकनिकी से जोडते हुये खेती करने की बात कही,किसान की जोत सीमा कितनी भी हो कम से कम 10 वें हिस्से में जैविक विधि से फसल उगाने का सलाह दिये। रसायनिक खाद दवा को त्याग कर जैविक उतपादो का प्रयोग कर कम खर्च में अधिक आमदनी लेते हुये जैविक विस्तार बढाने सुझाव दिये।जैविक खेती से जुडे कृषक मनोज प्रधान देवतराई, कृष्ण कुमार कश्यप खुडमुडी ने अपने जैविक खेती के अनुभव साझा कर किसानों का मनोबल बढाया। सेवा निवृत कृषि अधिकारी राजमहंत पी के घृतलहरे एवं सी एस सांडे ने रसायन उपयोग से होने वाले नुक्शान को चिन्हित करते हुये स्वस्थ जीवन के लिये जैविक उपयोग को अपनाने प्रेरित किये। उप संचालक कृषि ने एग्रीस्टेट पोर्टल में सभी किसानों को अपनी भूमि का पंजीयन दर्ज कराने की बात कहते हुये कृषि विभाग की संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने अपील किये।विभिन्न गांवो से आये हुये जैविक खेती मिशन के सहयोगियों को मोमेनटो के साथ सम्मानित किया गया।

### जैविक खेती जागरूकता अभियान

इस आयोजन में विकास खंड कसडोल के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डी एस साय,लोकनाथ दीवान बलौदाबाजार , ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुनील खांडेकर,संजय जांगडे,गौतम डाहिरे,पूर्णिमा साहू, ओ पी भारद्वाज,कामेश धनगर,रीतेश मिश्रा,हेमंत डडसेना,लिलेश पटेल,रविन्द्र मेश्राम, चौतन्य दिवेदी, लिलेश डडसेना ,नवीन मेश्राम, सोमेश्वर लहरे,भूपेन्द्र टंडन,दीपाली वर्मा, सत्यभुवन सिंह पैंकरा, आत्मा स्टाफ से प्रकाश थवाईत,योगेश सिंगोरे,योगेश मंढरिया,चुम्मन भाष्कर,मिथिलेश लहरे,कृषक बंशराम कुर्रे,पंचराम रत्नाकर,बद्री पटेल,विष्णु रजक,नारायण गोंड,घंसियाराम पैकरा,श्यामसुन्दर कंवर, कमलनारायण, बलराम पटेल,राधेश्याम पटेल,सत्याभारती,लक्ष्मण चेलक,यशवंत चेलक सहित जिले के किसान भारी संख्या में शामिल रहे।मंच संचालन डी एस साय ने किया एवं आभार जइंद्र कंवर एस डी ए ओ ने किया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्र. / /ब / 121 वर्ष 2024-2025

ग्राम का नाम -मल्दी

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक खेदूराम ध्रुव पिता श्री ईतवारी ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम मल्दी तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम मल्दी प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. खम्हरिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 42/1 एवं 417/2 रकबा क्रमशः 0.1740 एवं 0.1700 हे. कुल खसरा नम्बर 02 योग रकबा 0.3440 हे. के लिए पूर्व में प्रदत्त भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका (किसान-किताब) गुम होने के कारण द्वितीय प्रति भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका (किसान-किताब) प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 13.03.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख13.03.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार भाटापारा**

## खबर संक्षेप



### पेंशनर्स समाज का होली मिलन कार्यक्रम 12 को

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा खरोरा जिला रायपुर के तत्वाधान में 12 मार्च बुधवार को समय दोपहर 1 बजे से होली मिलन समारोह, नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधीयों का सम्मान समारोह, माह मार्च में जन्म लेने वाले पेंशनर्स सदस्यों का राम्मान 80 वर्ष पूर्ण करने वाले सदस्यों का सम्मान, पेशनर्स समाज वो नए सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों का सम्मान समारोह रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टिकेश्वर मनहरे अध्यक्षा जनपद पंचायत तिल्दा अध्यक्षता श्रीमति सुनीता अनिल सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा होंगे। पेंशनर्स साथियों से अपील की गई है कि पेंशनर्स चिंतक पत्रिका के 25 वी वर्षगांव रजत जयती पर तहसील शाखा के सदस्यों से आलेख गीत कविता एवं अन्य लेख पत्रिका में प्रकाशन हेतु कार्यक्रम में साथ लाने की अपील की गई है।

### बलौदाबाजार में नपा उपाध्यक्ष बने भाजपा के जितेन्द्र महाले



**बलौदाबाजार।** नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार में उपाध्यक्ष पद के नवनिर्वाचन हेतु सदस्यों की आहुत बैठक में भाजपा से जितेन्द्र महाले तथा कांग्रेस पार्टी से सुरेश घृतलहरे द्वारा उम्मीदवारी पेश की गई थी। जिसके पश्चात गुप्त मतदान होने के बाद घोषित नतीजे के अनुसार जितेन्द्र महाले को 7 मतो से विजयी घोषित किया गया। गौरतलब है कि 21 वार्डो वाली नगरपालिका परिषद में भाजपा के 14 तथा कांग्रेस पार्टी के 7 पार्षद विजयी हुए है। किंतु उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान भाजपा के एक पार्षद अनुपस्थित होने तथा अध्यक्ष द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग करने के कारण जितेन्द्र महाले को 14 तथा सुरेश घृतलहरे को 7 मत प्राप्त हुआ। उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान क्रास वोटिंग नही होने से कांग्रेस पार्टी के मनसूबो पर पानी फिर गया।

### केशव साहू निर्विरोध बने उपसरपंच



**बिलाईगढ़।** ग्राम पंचायत भंडोरा में केशव साहू को आपसी सहमति से ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत का निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण उनकी पहली प्राथमिकता में होगा। साथ ही मूलभूत सुविधाओं को लेकर विशेष रूप से प्रयास करेंगे। ग्राम पंचायत के रूके हुए कार्य को आगे बढ़ाएंगे। श्री साहू ने कहा कि मैं अपने गांव के विकास के लिये राजनीति में आया हु और इसके लिए मैं निस्वार्थ भाव से सेवा करूंगा। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने समस्त ग्रामवासियों मार्गदर्शक गुरुजनों माता पिता और अपने मित्रता को दिया। उपस्थित समस्त पंचगढ़ एवं ग्रामवासी ने उपसरपंच केशव साहू को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति शिखर सम्मान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

आज सम्मान के अगर सही हकदार माना जाए तो नारी शक्ति है वर्तमान समय में पुरूष और नारी में अब कोई असमानता नही रह गयी है। आज हर जगह और हर कार्य में नारी भी पुरूष के समान काम कर रही है इन्ही सब महत्वपूर्ण विचारों को लेकर एक अनोखा कदम 9 मार्च अंतर्राष्टीय महिला दिवस वर्ष 2025 किरण इवेंट फ्यूजन अरूण बंटी छाबड़ा द्वारा नारी शक्ति को प्रोत्साहन देने के लिये नारी शक्ति शिखर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन धर्मशाला भाटापारा में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय न्यायालय न्यायाधीश सुश्री स्मिता रत्नावत जी ने कहा नारी स्वतंत्रता का मतलब उसकी शक्ति को पहचाना और समान दैना है एक महिला केवल घर नहीं संभालती है वह पुरी दुनिया बदल सकतीं हैं इस कार्यक्रम के माध्यम से शसक्त नारी एवं प्रतिभाशाली छात्राओं, महिलाओं को उनके खेल, शिक्षा, कला समाज सेवा, चिकित्सा, अधिवक्ता, डांस, गायन, पुलिस एवं पत्रकारिता के क्षेत्र मे विशिष्ट 247 विभूतियों का विशाल गौरव सम्मान कार्यक्रम किया गया जिन्होंने मातृ शक्ति को आगे बढ़ाने एवं नयी ऊंचाईयों को छूने का कार्य किया है भाटापारा की समाज सेवी महिलाओ सम्मान कार्यक्रम के विशेष अतिथि बलौदा बाजार डीएसपी पुलिस निधि सोम मैम शिमगा थाना प्रभारी योगिता खापर्डे मैम एवं बलौदा बाजार उषा ठाकुर मैम, सीमा शर्मा जी, नेहा अश्विनी, अर्चना, अनिता, सिद्धकी मैम के द्वारा किया गया।

**वर्तमान समय में नारी पुरुष से कमतर नहीं**





**ये रहे उपिस्थत**

इस कार्यक्रम में सभी सामाजिक महिलाओं उपस्थित रहीं इस कार्यक्रम का आयोजन आलोक मोदी राज कुमार मल, देवेन्द्र भृगु, सुधीर मिश्रा, अनिल जयसवाल डा.वीणा साहू, सीमा मल, अनिता छाबड़ा, नीतू भृगु बरखा काछेला सीता गुप्ता गुलशन वर्मा सूरज शर्मा प्रकृति साहु नेहा वर्मा सुकृति साहु निवेदिता वर्मा संजना साहु बलवंत छाबड़ा द्वारा विशेष सहयोग दिया नगर वासियों द्वारा भूरी भूरी प्रशंशा की गई ।

**निरीक्षण : समय को लेकर पाबंद बनें सफाईकर्मी : अश्वनी शर्मा**

# सुबह फील्ड पर उतरे नपा अध्यक्ष नगर की स्वच्छता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर के प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा सोमवार अलसुबह ही फील्ड में उतर गए और शहर की स्वच्छता का जायजा लिया। इस दरम्यान समय पर अपने निर्धारित स्थल पर मौजूद नहीं रहने वाले दो सफाईकर्मी को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उनके स्थान पर अन्य को जिम्मेदारी सौंपी गई। नपा अध्यक्ष ने सुबह 7 बजे से सफाईकर्मियों की बैठक भी आहूत की और स्पष्ट निर्देश दिया कि सफाईकर्मी समय के पाबंद बनें। उन्होंने नगर की स्वच्छता पर जोर देते हुए काम में कोताही करने वालों पर कार्रवाई की बात कही।

- दो सफाईकर्मियों को हटाया, तत्काल दूसरों की नियुक्ति

गौरतलब है पर नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण के पश्चात श्री अश्वनी शर्मा की नियमित सक्रियता देखी जा रही है। नगर को स्वच्छ, सुंदर बनाने के विजन को काम कर रहे श्री शर्मा सोमवार 10 मार्च की अलसुबह ही शहर के अनेक इलाकों में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने निकले। शहर भ्रमण के बाद सुबह 7 बजे नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने सफाईकर्मियों के साथ बैठक की। नपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने सीधे निर्देश देने के बजाय पहले सफाईकर्मियों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान सफाईकर्मियों ने बताया कि शहर में कुछ लोग व्यक्तिगत कार्य करने के लिए बाध्य करते हैं तो कई क्षेत्रों में लोगों द्वारा नालियों में भी अतिक्रमण जैसी वजहों से समुचित सफाई कार्य में दिक्कतों का सामना उन्हें करना पड़ता है। इस पर नपा अध्यक्ष ने किसी भी तरह से व्यक्तिगत कार्य नहीं करने और क्षेत्र में उनके कार्य को बाधित करने वाले व्यक्ति के संबंध में सीधे सूचित करने को कहा। दूसरी ओर समय पर अपने क्षेत्रों में सफाई के लिए नहीं पहुंचने वाले सफाईकर्मियों पर नाराज़गी जताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री शर्मा ने नगर निगम परिषद के अंतर्गत कार्य करने वाले सफाईकर्मियों समेत सभी को समय का पाबंद बनने के लिए कहा।



**मोती गार्डन में सफाईकर्मी मिले नदारद, तत्काल हटाया**

नगर की स्वच्छता व्यवस्था को देखने निकले नपा अध्यक्ष सुबह नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने स्थित मोती गार्डन भी पहुंचे। मोती गार्डन में नियमित रूप से सफाई के लिए दो सफाईकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। नपा अध्यक्ष श्री शर्मा द्वारा निरीक्षण के दौरान दोनों सफाईकर्मी नदारत मिले, जिस पर नाराज़गी जताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने सीएमओ को दोनों सफाईकर्मी को तत्काल हटाने और उनकी जगह अन्य को नियुक्त करने निर्देशित किया।

**संत रविदास वार्ड में जनता से की चर्चा**

भाटापारा नगर पालिका के संत रविदास वार्ड में राज्य गठन के बाद पहली बार भाजपा जीतकर आयी है। अब तक इस वार्ड से कांग्रेस ही जीत दर्ज करती रही है। नगर पालिका में कांग्रेस समर्थित सरकार होने के बाद भी संत रविदास वार्ड में वर्षो से सफाई व्यवस्था बदहाल है। यहां चारों ओर गंदगी का आलम रहा है और कचरे का अंबार है। नालियां बजबजा रही हैं, लेकिन न जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया न नगर पालिका परिषद के अधिकारियों का ध्यान रहा। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष श्री शर्मा ने संत रविदास वार्ड पहुंचकर पहले पूरे वार्ड का भ्रमण किया, फिर वार्डवासियों से उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं पर चर्चा की। नपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने जल्द संत रविदास वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था बहाल करने के साथ ही वार्डवासियों के सहयोग से वार्ड का कायाकल्प का वायदा किया।

# पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए दो दिवसीय कैम्प आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भारत सरकार की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए दो दिवसीय कैम्प 11 मार्च से 12 मार्च 2025 तक दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक स्व. करुणा शुक्ला शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बलौदाबाजार में आयोजन किया जायेगा।

प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का मुख्य उद्देश्य 5 साल में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को 12 महीने तक विभिन्न व्यवसायों और रोजगार के अवसरों में वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल का अनुभव मिलेगा इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत में इसमें कई हितधारकों और कौशल विकास की नवीन अवधारणाएं शामिल है एवं इंटर्न को मासिक सहायता इंटर्नशिप के पूरे 12 महीना की अवधि के लिए इंटर्न को 5000 की मासिक सहायता दी जाएगी जिसमें से हर महीने कंपनी उपस्थिति और अच्छे आचरण आदि से संबंधित कंपनी की नीतियों के आधार पर कंपनी के सीएसआर फंड से प्रत्येक इंटर्न को 500 जारी करेगी एक बार कंपनी द्वारा भुगतान किए जाने के बाद, सरकार इंटर्न के आधार से जुड़े बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्त्तांतरण के माध्यम से उम्मीदवार को 4,500 रुपए का भुगतान करेगी। साथ ही आकस्मिक व्यय के लिए अनुदान इंटर्नशिप स्थान पर इंटर्न को कार्यभार ग्रहण करने पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सरकार द्वारा प्रत्येक इंटर्न को आकस्मिक व्यय के लिए 6000 का एकमुस्त अनुदान वितरित किया जाएगा।

- 5 साल में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है उद्देश्य

**21 से 24 वर्ष के अभ्यर्थी कर सकते हैं आवेदन**

इस योजना का लाभ लेने के लिए उम्मीदवारों के लिए पात्रता मानदंड आयु 21 से 24 वर्ष आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक के बीच की आयु की युवा, भारतीय राष्ट्रीयता से संबंधित जो पूर्णकालिक रोजगार में नहीं है और पूर्णकालिक शिक्षा में नहीं लगे हुए हैं ऑनलाइन अथवा दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों में नामांकित उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र रहेंगे। शैक्षणिक योग्यता जिन अभ्यर्थियों ने हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल पास किया है, जिनके पास आईटीआई से प्रमाण पत्र है, किसी पॉलिटेक्निक संस्था में डिप्लोमा है या जिनके पास बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी, बीए, बीफार्मा आदि डिग्री है वे पात्र हैं। ऐसे अभ्यर्थी कैंप में शामिल होकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं अथवा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पोर्टल वेब साइट पर स्वयं रजिस्ट्रेशन कर सकते है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना फेस 2 की रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 है। अधिक से अधिक संख्या में आकर अभ्यर्थी पीएम इंटर्नशिप योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने किया गौशाला का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेसर पटेल ने रविवार को जिले में प्रवास के दौरान विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पौंसरी में संचालित ख़ुशी गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री पटेल ने गौशाला समिति की आवश्यक बैठक लेकर निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 15 मई को 10 विभिन्न ग्रामों से 10–10 किसानो का चयन कर उक्त किसानो को गौ–आधारित जैविक कृषि संबंधित प्रशिक्षण आयोजन किया जाए एवं किसानो को गौ–पालन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। गौधाम स्थापना से संबंधित विषयो पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ डॉ नरेन्द्र सिंह से विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने प्रत्येक विकासखंड में नेशनल हाईवे तथा स्टेट हाईवे से लगे हुए 10–10 ग्रामों का चिन्हांकन करने निर्देशित किया ताकि आगामी दिनों में गौधाम की स्थापना कर निराश्रित एवं बेसहारा घुमंतू पशुओं का समुचित रख–रखाव हो सके एवं सड़क दुर्घटना तथा आकस्मिक जान–माल की हानि होने से रोका जा सके।



# बगलोटा स्कूल के विदाई कार्यक्रम में न्योता भोज भी हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी

शासकीय प्राथमिक शाला बगलोटा में कक्षा पांचवीं के छात्र छात्रओं को विदाई दी गई।चूंकि कक्षा 5वी की वार्षिक बोर्ड परीक्षा 17 मार्च से आरम्भ हो रही है।

इससे पहले कक्षा चौथी एवं विद्यालय परिवार शासकीय प्राथमिक शाला बगलोटा द्वारा परीक्षा में उत्तीर्ण होने की शुभकामना दी गई । कक्षा 5 वी के बच्चों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया।प्रधानपाठक लाला प्रसाद बंजारे ने बच्चों को स्मृति चिन्ह के रूप में कलम प्रदान किया। शिक्षिका पुष्पा बृजवानी सहित शाला विकास समिति अध्यक्ष सुखराम खूंटे समिति सदस्य पप्पू मनहर उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लुकेश्वर प्रसाद साहू ने किया।इस अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया गया।

# करोना काल से बंद ट्रेने जल्द ही रुकेंगी हथबंद स्टेशन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

ग्राम पंचायत हथबंद रेलवे स्टेशन जहां पर रेलवे स्टेशन समिति के अध्यक्ष,एवं सदस्य के साथ साथ गांव के सभी गणमान्य नागरिक ने डी आर एम से मिलते हुए उनसे जो तीन ट्रेन करोना से बंद है उन ट्रेनों को दोबारा हथबंद स्टेशन मे रोकने की मांग की गई, जिसमें दयानंद डी आर एम ने पूछते हुए कहा कि कौन सा ट्रेन की पहले प्राथमिक रूप से विशेष जरूरत है, जिसे तत्काल देने की बात कही जिस पर लोगो ने दुर्ग अंबिकापुर की जरूरत को अति आवश्यक बताया साथ में टाटा इतवारी एवं छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को जिसमें दुर्ग अंबिकापुर को रुकवाने के लिए कहा गया डी आर एम ने , हामी भरी वही लोगो ने निर्धारित दिनांक पूछने का प्रयास किया, जिसमें तारीख तो निश्चित नहीं बताई लेकिन ट्रेन रुकेगा जरूर कहते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्य मेरे अधिकार क्षेत्र में है, मैं आप लोगो की मांगे पर सहमत हुं। डीआरएम दयानंद से मिलने को आज उपस्थित रहे डॉक्टर उत्तम कुमार बिस्वास,सदस्य सलाहकार समिति हथबंद रेलवे स्टेशन, श्रीमती विद्या संजय वर्मा पूर्व सरपंच, धन्ना निषाद शाला विकास समिति का सदस्य – यूवा नेता,विनय शुक्ला नवनिर्वाचित पंच– युवा नेता, नंदकिशोर दुबे गुड्डा भैया और नीरज मानिकपुरी ।

- डीआरएम दयानंद पहुंचे हथबंद रेलवे स्टेशन द्वारा निरीक्षण कर दिया रुकवाने का आश्वासन



**परीक्षा आयोजन की तैयारी के सम्बन्ध में अधिकारियों की बैठक**

# 5वीं और 8वीं की परीक्षा की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने आगामी 17 मार्च 2025 से शुरू हो रहे कक्षा 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा आयोजन की तैयारी के सम्बन्ध में सोमवार को अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सुचारु रुप से परीक्षा आयोजन हेतु संकुल प्रचार्यों को प्रश्न पत्रें का वितरण, थानो में सुरक्षित रखने से लेकर परीक्षा केंद्रों में वितरण, वापसी, उड़नदस्ता टीम गठन एवं मूल्यांकन की कार्यवाही के लिए तैयरी समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही होने पर सम्बंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल समन्वयक पर कार्यवाही होगी। कलेक्टर ने कहा कि प्रश्न पत्रें को थाने तक लें जाने के लिए रूट निर्धारित करें एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात हो। इसके साथ ही पर्याप्त संख्या में भृत्य की भी ड्यूटी लगाएं। उड़न्दास्ता दल प्रातः 6 बजे से ही सक्रिय होकर क्षेत्र में भ्रमण करें। संकुल प्राचार्य संकुल अंतर्गत वहाट्स एप्प ग्रुप बनाकर मॉनिटरिंग करें। बताया गया कि 5 वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा आयोजन करीब 14 वर्ष बाद पुनः प्रारम्भ किया जा रहा है। परीक्षा की गोपनीय सामग्री 11 मार्च 2025 को रायपुर से बलौदाबाजार पहुंचेगी जिसे पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल के स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। यहीं से 12 मार्च 2025 को गोपनीय सामग्री का वितरण संकुल प्रचार्यों को किया जाएगा जिसे करीब 16 बसों के द्वारा समबंधित थानो तक सुरक्षित पहुंचाया जाएगा।



**17 से शुरू होंगी परीक्षाएं**

5वीं और 8वीं की परीक्षा 17 मार्च 2025 से शुरू होगी। 5 वीं की परीक्षा प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक तथा 8 वीं की परीक्षा प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक आयोजित होगी। 5वीं में 888 शासकीय स्कूल के 19036 एवं 200 आशासकीय स्कूल के 4519 परीक्षार्थी तथा 8वीं में 466 शासकीय स्कूल के 19170 एवं 152 अशासकीय स्कूल के 4093 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस तरह 5 वीं एवं 8वीं में कुल 46818 परिक्षर्थी शामिल होंगे। 5 वीं के लिए 1088 एवं 8वीं के लिए 618 परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। मूल्यांकन का कार्य विकासखंड मुख्यालयों में 15 अप्रैल 2025 तक पूर्ण कराना होगा।

